महिला दिवस विशेष

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

11 मार्च 2023: शनिवार: वर्ष– 03: अंक – 48

एक छोटी चिड़ियाँ
आज की कविता

एक छोटी चिड़िया पेड़ पर अकेली बैठी सोच रही है कि अगर उसकी एक साथी और आ जाए तो वो दो हो जाएंगी। जब दो चिड़ियाँ हो गईं तो सोचने लगीं कि अगर उनकी एक साथी और आ जाए तो वो तीन हो जाएंगी। एक चिड़िया और आ गई और वो तीन हो गईं। तीनों चिड़ियाँ मिलकर कुछ सोच रही हैं ? बताओ क्या ? सुनते हैं ये कविता ।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। L for Learn

मितवा
आज की कहानी

चुपके चुपके मितवा ने साइकिल चलाना तो सीख लिया लेकिन ट्रैक्टर चलाने की तो साफ मनाही थी। पर मितवा भी कहाँ रुकने वाली थी। पिताजी के सामने किसी की नहीं चलती थी । पर एक दिन जब पिताजी की ही नहीं चली और वो बेसुध होकर गिर पड़े तब क्या हुआ? कौन था जो ट्रैक्टर चलाकर उन्हें अस्पताल ले गया? पूरी कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Learn

प्यारी अम्मा
आज की किताब

रवि हमेशा उस गिलहरी को पकड़ना चाहता था लेकिन वह बहुत फुर्तीली थी। रवि बस उसे पेड़ पर चढ़ते उतरते देखा करता। पर एक दिन उस गिलहरी का एक बच्चा पेड़ से गिर पड़ा और रवि ने उसे पकड़कर पिंजड़े में रख लिया। वह उसे पालना चाहता था । पर कुछ ऐसा हुआ कि रवि को अपना इरादा बदलना पड़ा। पूरी कहानी पढ्ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

हेक्सा हेक्सा फ्लेक्सागोन
आज की गतिविधि

आपने जन्मदिन की बधाइयों वाले अलग अलग तरह के रंगबिरंगे और मंहगे कार्ड जरूर देखे होंगे । लेकिन क्या आपने कोई ऐसा कार्ड देखा है जिसको उलटने पुलटने से हर बार नए नए संदेश आते हों ? तो आइए हम बहुत ही कम लागत से एक ऐसा जन्मदिन कार्ड बनाना सीखते हैं। आपको चाहिए एक कार्ड शीट, कैंची और गोंद। विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

लड़कियों की शिक्षा में मिशन
टीचर्स कॉर्नर

अधिगम का मतलब केवल स्नातक स्तर की पढ़ाई कर लेना ही नहीं है, बल्कि यह बताने का महत्त्वपूर्ण प्रयास भी है कि लड़कियों को विभिन्न कौशल सिखाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। लड़कियों की शिक्षा के लिए कार्यरत खदीजतुल कुबरा गर्ल्स मिशन (केकेजीएम) के कार्यों का उल्लेख करता ये मिशन बंगाल के हावड़ा जिले के बैनन गाँव में लड़कियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए काम कर रहा है। और जानने के लिए पढ़े ये आलेख।



शिक्षकों के लिए। Learning Curve

महिला सशक्तीकरण
हमारा पुस्तकालय

कहा जाता है कि महिला को शिक्षा मिलती है तो उससे पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है । क्या हैं इस शिक्षा के मायने और ये महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किस तरह से अहम है? सुनते हैं चौपल की ये वार्ता ग्राम पंचायत आसलपुर की सरपंच सरला कुमावत और बालिका विद्यालय जयपुर की प्रधानचार्या उर्वशी बैरवा के साथ। सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

शिक्षकों के लिए। DD Jaipur

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 150वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।